प्रेषक,

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 20 नवम्बर, 2015

विषयः- संस्थान के अंतर्गत कालेज ऑफ नर्सिंग में टीचिंग पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-पी0जी0आई0/एकै0/निदे0/4640/2015 दिनांक 01-9-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के अंतर्गत कालेज ऑफ नर्सिंग में निम्नलिखित टीचिंग पदों को आदेश निर्गत होने की तिथि से अस्थायी रूप से दिनांक 29-2-2016 तक की अवधि के लिए बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जाये, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

पदों का विवरण

क्र0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान (ग्रेड वेतन)	वेतन बैण्ड
1	लेक्चरर	02	रू0 15600-39100 ग्रेड-पे 6600/-	वेतन बैण्ड- 3
2	ट्यूटर	06	रू0 15600-39100 ग्रेड-पे 5400/-	
	योग-	कुल पद-08		

2- संस्थान द्वारा प्रश्नगत पदों पर भर्ती की कार्यवाही निर्धारित नियमों एवं एन0सी0आई0 के मानकों के अनुसार की जाएगी।

3- इस संबंध में होने वाले व्यय का वहन वित्तीय वर्ष 2015-16 के लेखानुदान में अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनेत्तर-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0309-संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-ई-3/1449/दस/2015 दिनांक 10 नवम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 98 /2015/3156/(1)/71-2-15-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ।
5. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0।
7. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
8. गार्ड फाइल/निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री भट्टाचार्य) को उक्त शासनादेश विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।